हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

5

जबलपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय पोषण माह 2026 अंतर्गत जिले के विद्यालयों में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

मण्डला। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग पदेन जिला कमिश्नर स्काउट डॉ. अरुण कुमार शुक्ला एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर क्लेप प्रोजेक्ट लोक सिंह पदम के मार्गदर्शन में मंडला जिले के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत निर्धारित गतिविधि कैलेंडर के अनुसार 28 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 'संतुलित पोषण, समग्र स्वास्थ्य' की थीम पर सर्व प्रथम पीएमश्री शासकीय कन्या हाईस्कूल रामनगर में प्राचार्य एवं क्लाइमेट लीडर कल्पना नागेश्वर के नेतृत्व में संतुलित आहार, पोषण, स्वस्थ जीवनशैली विषय पर आधारित जागरूकता सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन दिनांक 28 सितम्बर 2026 को किया गया। ज्ञात हो कि क्लेप प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में देश के चयनित जिलों में किया जा रहा है। कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु समय-समय पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण सभी क्लाइमेट लीडर्स को दिया जाता है जिससे सभी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन स्वरुचि एवं उत्साह पूर्वक करते आ रहे हैं और इससे इस प्रोजेक्ट को सफलता प्राप्त हो रही है। दिनांक 29 सितम्बर 2026 को एक मिनट का पोषण वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य विषय आयरन, जंक फूड, स्वस्थ टिफिन रहे। यह आयोजन क्लाइमेट लीडर कल्पना नागेश्वर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसी तिथि में असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रजनी सिलेकर के द्वारा भी नैनपुर विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर में 'मेरी थाली, सेहत वाली' थीम पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बी.बी.-11 बीज बोया, धान के स्थान पर उगी सादा की फसल

बीज के नाम पर किसान से धोखाधड़ी

*** कृषि विस्तार अधिकारी ने माना कि किसान को हुआ भारी नुकसान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला







केन्द्र की सरकार हो या फिर राज्य सरकार दोनों ही कृषि को लाभ का धंधा बनाने लगातार प्रयासरत हैं और इसके लिये न केवल विभिन्न तरह की योजनायें जारी की गई हैं बल्कि ऐसे-ऐसे डिजीटल एप भी किसानों के लिये बनाये गये हैं जिनके माध्यम से कृषि से संबंधित सभी जानकारी किसानों को अपने मोबाइल पर ही निःशुल्क मिल जाती है। अब किसानों को इन सरकारों द्वारा नकद राशि भी उनके खातों में दी जा रही है ताकि खाद और बीज के लिये किसान कर्जदार न बने और समय पर खाद, बीज लेकर अपना कृषि का कारोबार जारी रख सकें।

अधिकारी क्यों नहीं समझते अपनी जिम्मेदारी

सरकार तो लगातार अपने हिस्से का काम कर रही है लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी कब अपनी जिम्मेदारी समझेंगे यह समझ से परे है जब किसानों को उन्नत बीज चाहिये होते हैं तब इन विभागों में बीज उपलब्ध नहीं होते मजबूरन किसानों को बाजार का मुंह देखना पड़ता है और फिर बाजार में विभिन्न किस्म के बीज शानदार पैकिंग एवं डिजाइन में उपलब्ध होते हैं इनके बारे में भी कृषि विभाग के अधिकारी कोई सुझाव किसानों को नहीं दे पाते लिहाजा किसान को जो समझ में आता है वह बीज लेकर आता है और तैयार किये गये खेतों में बो देता है बाद में निंदाई, गुड़ाई एवं खाद पर लाखों रूपये खर्च भी करता है और जब फसल की बारी आती है तो फसल देखकर किसानों के पैरों तले उस समय जमींन निकल जाती है जब किसान देखता है कि उसके खेतों में धान के स्थान पर 90 फीसदी सादा की फसल उग आई है अब ऐसी स्थिति में किसान क्या करे उसकी कुछ समझ में नहीं आता क्योंकि इसी फसल पर उसके परिवार की न केवल पूरी जीविका निर्धारित है बल्कि घर परिवार और बच्चों के भविष्य के खर्च भी इसी से पूरे करने हैं अब जबकि 04 माह का समय तो गया ही अब तो अगले वर्ष ही बारिश मिल पायेगी खेत में तो लागत लगाई वह भी मिट्टी में मिल गई अब बेचारा जिंदगी जिये तो कैसें जिये। इस पूरे मामले में किसकी गलती क्या किसान दोषी जो उसने बाजार से बीज खरीदा, क्या कृषि अधिकारी दोषी जिन्होंने बाजार में बिक रहे बीजों की जांच नहीं की या फिर प्रशासन दोषी जो ऐसे नकली बीजों के कारोबार पर नकेल कसने कोई व्यवस्था कायम नहीं कर पा रहा।





क्या है मामला

मण्डला जनपद अंतर्गत ग्राम सिलगी के कृषक नारायण चक्रवर्ती द्वारा बम्हनीबंजर के रचित कृषि केन्द्र से धान का बीज (बी.बी.-11) खरीदकर ढाई एकड़ में बोया गया किसान द्वारा 60 किलों धान का बीज खरीदा गया लेकिन जब फसल का समय आया तो ढाई एकड़ के खेत में 90 फीसदी सादा की फसल ही नजर आ रही है। कृषि विस्तार अधिकारी पुष्पलता सैयाम द्वारा पंचनामा बनाकर कृषक को हुई आर्थिक क्षति दर्शायी गई विक्रेता द्वारा भी अपनी गलती स्वीकार की गई लेकिन बीज कम्पनी है कि कृषक को दोषी करार देने में लगी हुई है उनका कहना है कि और कृषकों को हमने बीज विक्रय किया है लेकिन वहां तो ऐसी शिकायतें नहीं प्राप्त हुई है।

अब ऐसी स्थिति में किसान को समझ नहीं आ रहा कि वो अपनी पीड़ा बताये तो किससे बताये। पूरे 04 माह की मेहनत पानी में मिल गई जमा पूंजी भी खर्च हो गई अब इसकी भरपाई करे तो कौन ? विभाग तो सिर्फ पंचनामा बनाकर अपनी भूमिका पूरी कर चुका अब तो प्रशासन को ही इस दिशा में आगे आकर किसान को मदद करना होगी।

सहायक आयुक्त के आदेश के बावजूद अतिथि शिक्षकों को नहीं मिला मानदेय



*** क्या भूख हड़ताल फिर से कराना चाहता है प्रशासन? : पी.डी.खैरवार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा प्रतिमाह 5 तारीख तक मानदेय भुगतान के आदेश के बाद भी अतिथि शिक्षकों को समय पर मानदेय नहीं मिल पा रहा है। अक्टूबर माह आधा बीतने के बाद भी अगस्त और सितंबर माह का मानदेय लंबित है।

अतिथि शिक्षक परिवार मण्डला के जिलाध्यक्ष पी.डी. खैरवार ने बताया कि कम मानदेय में सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही महंगाई के दौर में परिवार चलाना पहले से भी कठिन पड़ रहा है। भुगतान में देरी से कई जगहों पर किराना दुकानदारों ने उधारी देना भी बंद कर दिया है, जिससे परिवारों पर संकट गहराता जा रहा है। इसलिए कि अतिथि शिक्षक इसी काम के बलबूते परिवार चला रहे हैं।


उल्लेखनीय है, कि इस संबंध में सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा पिछले माह पत्र जारी कर समस्याओं के निराकरण और समय पर भुगतान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है।

खैरवार ने यादों को ताजा करने बताया कि इसी तरह की लापरवाही के चलते वर्ष 2019 में दीपावली पर्व के दौरान उन्हें सहायक आयुक्त कार्यालय के सामने पांच दिन तक भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा था। तब तत्कालीन कलेक्टर जगदीश जटिया ने हस्तक्षेप कर हर माह समय पर भुगतान का आदेश जारी किया था और स्वयं धरना स्थल पर पहुंचकर अनशन समाप्त कराया था। सारे शिक्षा विभाग के अमले की दीपावली की छुट्टी निरस्त करके धनतेरस से भाई दूज तक दिन-रात सहायक आयुक्त कार्यालय में बैठकर बिल का काम दुरुस्त कराकर जिले भर के अतिथि शिक्षकों का महीनों लंबित मानदेय का भुगतान कराया गया था।कुछ समय तक पालन के बाद ढाक के तीन पात जैसी फिर से पुरानी व्यवस्था लागू हो गई।

संघ ने मांग की है ,कि एक सप्ताह के भीतर लंबित मानदेय का भुगतान किया जाए। भुगतान न होने पर कलेक्ट्रेट के सामने भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

नगर के सभी दुर्गा पंडालों में भक्ति भाव के साथ विराजमान हुई माँ दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया







नगर में धूमधाम से हुई नव रात्रि के प्रथम दिवस बैठकी के दिन माता रानी की स्थापना पूरा नगर भक्ति भाव से सराबोर रहा, नगर में सुबह से माता रानी की प्रतिमाओं स्थापना बड़े उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ सभी जगह बैंड बाजों आतिश बाजी के साथ माता रानी की प्रतिमाओं कि अगवानी की गई।

बैठकी के प्रथम दिवस देर रात तक माता रानी की प्रतिमाओं की स्थापना पंडितों के मंत्रोपचार के साथ चलती रही पूजन अर्चन हवन आरती का दौर चला इस बार माता दुर्गे के आगमन के पूर्व पूरा नगर बाजार चौक चौराहों मंदिरों में जगमग रोशनी से जगमगा रहा इस वर्ष पूरे नगर में विभिन्न स्थानों में माता दुर्गा पंडालों में विराजमान हुई बड़ी बिछिया खेरमाई मंच, वियर हाउस मंच, रेस्ट हाउस रोड मंच, बस स्टेड यात्री प्रतीक्षालय मंच, मुक्तिमार्ग मंच में मां महाकाली की स्थापना, भुआ शिवहरे कम्प्लेक्स, ब्लाक रोड दुर्गोत्सव मंच, जतीपुर दुर्गा मंच, भुआ राममंदिर रोड खिरखा मोहल्ला, सहित नगर सहित आस पास के वार्डों ग्रामों में माता रानी विराजमान हुई है, इन सब के अलावा बिनोद रंग मंच माता भुनेश्वरी, माता खेरमाई भुआ, राजराजेश्वरी मंदिर रेंज, में स्थापित प्रतिमाएं विराजमान हैं पूरे नगर में पूरे दस दिनों तक माता के जयकारे से गुंजायमान होगा।

बाल कलाकारों द्वारा आयोजित हुई राम लीला

नवरात्रि के आगमन के साथ ही स्थानीय विनोद रंग मंच वर्षों से चली आ रही राम लीला मैं मंचन स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा किया जा रहा, जिसकी तैयारी विनोद रंग मंच समिति के अध्यक्ष प्रतीक श्रीवास्तव एवं सहयोगी सदस्य पदाधिकारियों के मार्गदर्शन महिनो से चल रही हैं आज मां दुर्गा के स्थापना के बाद से राम लीला का मंचन लगातार दशहरा पर्व तक बाल कलाकारों द्वारा रोचक अंदाज में किया जाएगा।

अग्रवाल समाज ने मनाई अग्रसेन महाराज की जयंती, निकली शोभा यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

नगर के अग्रवाल समाज द्वारा कल नगर में शोभायात्रा निकालकर आराध्य देव भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती मनाई गई, इस अवसर पर के समस्त सामाजिक पुरुष और महिलाओं ने अग्रवाल धर्मशाला एकत्रित होकर अग्रसेन महाराज जी की जयंती के अवसर पर पूजन अर्चन कर एकत्रित होकर एकता का परिचय दिया इसके बाद आतिश बाजी बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाल कर नगर में घुमाए जिनका जगह जगह स्वागत किया गया इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष, अनिल (उत्तम) अग्रवाल, अरविंद्र अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल पराग अग्रवाल सहित समस्त समाज ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

जयंती | अग्रवाल समाज की वाहन रैली व शोभायात्रा ने बांधा समां।

हर्षोल्लास के साथ नगर में मनाई गई अग्रसेन जयंती

*** आनंद मेला और खेल कूद प्रतियोगितायें भी की गई आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम विगत एक सप्ताह तक आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिकजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं रविवार को वाहन रैली, महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा आनंद मेला, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिभा सम्मान समारोह सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की एकजुटता आपसी सौहार्द और सामाजिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया अग्रवाल समाज द्वारा नवीन प्रेस के पास से वाहन रैली निकाली गई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची रास्ते में जगह-जगह सामाजिक बंधुओं ने रैली का स्वागत किया स्वागत के दौरान लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। अग्रसेन चौराहे पर भगवान महाराजा अग्रसेन की आरती एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान समाज के लोगों ने सुख-समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को स्मरण किया गया अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आनंद मेले का आयोजन भी आकर्षण रहा मेले में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर तरह-तरह के पकवान और खाद्य सामग्री उपलब्ध रही जिनका स्वाद लेने के लिए समाज के नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे। अग्रवाल समाज द्वारा सप्ताहभर के कार्यक्रमों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने पर भी विशेष ध्यान दिया गया बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं नृत्य सहित अन्य प्रस्तुतियों में बच्चों ने दी। अग्रवाल समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

मंडला की बेटी विभूति जैन ने जीता 'प्राइड ऑफ़ तेलंगाना अवॉर्ड 2026

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला में जन्मीं एंटरप्रेन्योर और समाजसेवी विभूति जैन को 'टच ए लाइफ़ फ़ाउंडेशन' के ज़रिए किए गए उनके सामाजिक कार्यों के लिए 'प्राइड ऑफ़ तेलंगाना अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड पब्लिक वोटिंग प्रोसेस के ज़रिए दिया गया, जिसमें कई NGO नॉमिनेट किए गए थे। यह अवॉर्ड वंचित लड़कियों को शिक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में फ़ाउंडेशन के काम को मान्यता देता है। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ, जैन ने 'प्राइमडेस्क' (PrimeDesk) की फ़ाउंडर और डायरेक्टर के तौर पर हैदराबाद के कमर्शियल रियल एस्टेट सेक्टर में भी अपनी पहचान बनाई है।

'प्राइड ऑफ़ तेलंगाना अवॉर्ड 2026' LPL, GCC के इंडिया में VP और कंट्री हेड रमेश काज़ा और तेलंगाना के सिंचाई और CAD मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने दिया। इस इवेंट में ओलंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, मशहूर फ़ैशन डिज़ाइनर और हैंडलूम को बढ़ावा देने वाले गौरवंग शाह और तेलुगु फ़िल्म व म्यूज़िक इंडस्ट्री की जानी-मानी हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

मध्य प्रदेश के मंडला की एक बेटी हैदराबाद में सफल बिज़नेस करियर बनाकर और शिक्षा के ज़रिए वंचित लड़कियों की ज़िंदगी बदलकर अपने शहर का नाम रोशन कर रही है। विभूति जैन का सफ़र इस बात का एक ज़बरदस्त उदाहरण है कि किसी लड़की की शुरुआती ज़िंदगी यह तय नहीं करती कि उसकी मंज़िल क्या होगी। हिंदी मीडियम में पढ़ाई करने के बावजूद, उन्होंने कमर्शियल रियल एस्टेट की कॉम्पिटिटिव दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। साथ ही, उन्होंने 12 साल एक ऐसे सामाजिक मिशन को समर्पित किए हैं, जिसने सैकड़ों लड़कियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ने में मदद की है।

2014 में विभूति जैन द्वारा शुरू किया गया 'टच ए लाइफ़ फ़ाउंडेशन' यह पक्का करने के लिए काम करता है कि आर्थिक तंगी की वजह से लड़कियों को अपनी पढ़ाई न छोड़नी पड़े। फ़ाउंडेशन मुख्य रूप से उन वंचित लड़कियों की मदद करता है जिन्होंने अपने माता-पिता में से किसी एक या दोनों को खो दिया है, जो सिंगल-पेरेंट परिवार से हैं, या जो ऐसी गंभीर आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रही हैं जिनकी वजह से उनकी हायर एजुकेशन जारी रखना मुश्किल हो गया है। स्कॉलरशिप और आर्थिक मदद के ज़रिए, यह संस्था काबिल लड़कियों को आगे की पढ़ाई करने में मदद करती है। इसमें प्राइवेट कॉलेजों में पढ़ाई भी शामिल है, जिसका खर्च उठाना उनके परिवारों के लिए मुश्किल हो सकता था।

खबर संक्षेप

पार्किंग व्यवस्था न होने से सड़क किनारे खड़े रहते वाहन, स्कूली बच्चो, राहगीरो का निकलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। वर्तमान में आबादी बढ़ने के साथ शहर का तेजी से विकसित होता चला जा रहा है, आपा धापी वाले दौर में वाहनो की लगातार संख्या बढ़ने से पुलिस की लाख कोशिश करने के बावजूद यातायात व्यवस्था पटरी पर नही आ पा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के अनेक सरकारी कार्यालयो के पास, बैंक शाखाओं के इर्दगिर्द, बाजार, मैरिज हालो के सामनें पार्किंग व्यवस्था की कमी के चलते शहर में चहुॅओर अव्यवस्था का आलम नजर आ रहा है। गौरतलब है कि महत्वपूर्ण माने जाने वाले कार्य इन स्थलो पर वाहन स्टेण्ड न होने तथा बैंक शाखाओं में पार्किंग के इंतजाम न होने सें सड़को के किनारें प्रतिदिन वाहनो की कतारें लगी नजर आती है, जिसमें प्रमुख रूप से नगर की स्टेट बैंक शाखा व पुलिस थाने के सामने तो कभी इतने वाहन खड़े हो जाते है कि उक्त बैंक शाखा के सामने की व्यस्ततम माने जाने वाली आधी सड़क ही वाहनो के घेरे में आ जाती है, जिससे आटों, अन्य वाहन चालकों के साथ ही जरूरी काम से नपा. कार्यालय जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है,नगर में पार्किंग व्यवस्था को अभाव की हालत में वाहन मालिक तो कही भी वाहन खड़े कर बेफिक्र हो जाते है मगर इसका खामियाजा राहगीरो व स्कूली बच्चो को भुगतना पड़ता है। बताया जाता है कि सड़कों पर अनगिनत वाहन खड़े रहने सें नागरिको के साथ स्कूली बच्चो को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है, भारी बस्तो का बोझ कंधो पर लादे अपनी शालाओ में जाने बच्चे सड़को पर खडे दोपहिया वाहनो के बीच जैसे तैसे गुजर स्कूल पहुॅचने मजबूर हो रहे है। ज्ञातव्य है कि अखबारो में खबरे प्रकाशित होने, पूर्व में कई वाहनों के चोरी होने के बाद भी विभाग, संस्थाएॅ अपने सीमा क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था करने में उदासीनता का परिचय दे रही है और पार्किंग व्यवस्था की कमी के चलते दुर्घटनाओं की आशंका के साथ शहर के घोर अव्यवस्था के हवाले होने के आसार बनते जा रहे है।

बालश्रम कानून का नहीं हो रहा पालन, यह योजना मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रह गई

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है। जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों, मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है, वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, मगर आजादी के बाद भी बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई, जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पेट भरने के लिए कचरा बीनना, सिर पर लकड़ी का गट्ठा ढोना, होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है, जिले मे तमाम बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है, इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालय मे बच्चों के सही आंकड़े तक मौजूद नही है, इस तरह गरीबी व अज्ञानता के चलते आज भी इस प्रकार से हजारों बच्चों का स्कूल से नाता जुड़ नही पाया है।

लोकार्पण के पहले ही अपनी गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में बन चुके नवनिर्मित ओवर ब्रिज की जांच की सच्चाई में आखिर क्या आया सामने

निकले हुये गड्ढों की लीपापोती होने के बाद जांच करने पहुंची टीम की औपचारिकता पर खड़े हो रहे सवाल...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।


हरिभूमि
बड़ी घटना की आशंका के चलते आवागमन बंद करने के लिये लिखा गया था पत्र, मगर आवाजाही पर नही लगाया रोड़े कर रहा सवाल...?
गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध स्थिति में पहुंच चुके नवनिर्मित ओवर ब्रिज की जांच करने अधिकारियों के पहुंचने के पहले की जा चुकी थी लीपापोती

निश्चित तौर से जब क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित हो चुकती है जब अधिकारियों से लेकर सरकार की आंखे खुलती है और घटना के प्रति दुख व्यक्त करने से नही चूकते है...? मगर किसी घटना की संभावना के पहले ही यदि उस पर ध्यान देते हुये रोक दिया जावे तो लोगों की जिन्दगी को सुरक्षित बनाया जा सकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र में नव निर्मित चीचली मार्ग के रेलवे लाईन के ऊपर बने हुये ओवर ब्रिज की देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि यह ओबर ब्रिज अपने निर्माण के समय से ही गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में आने से नही चूक पाया था। क्योंकि जब इस ओबर ब्रिज के निर्माण की शुरूआत हुई थी उसी समय एक ओर से दिवार पूर्णरूप से गिर जाने के कारण जहां इसकी गुणवत्ता की कहानी उजागर होने से नही चूक पाई थी। उस समय क्षेत्र की की पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल द्वारा इस तरह अपनी गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध बन चुके इस ओबर ब्रिज को पुनः नये सिरे से निर्माण की मांग की गई थी। मगर उस समय इस ओर किसी तरह से ध्यान नही दिये गया था और किसी तरह लीपा पोती करते हुये उन्ही दिवारों को ठीक करते हुये ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य को पूरा कर डाला था। इस तरह निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बगैर लोकापर्ण हुये ही इस संदिग्ध स्थिति में पहुंच चुके ओबर ब्रिज से आवाजाही शुरू होने के चलते उसके निर्माण की गुणवत्ता की सच्चाई एक बार फिर सामने आने से नही चूक पाई है। अधिकृत रूप से शुरू होने के पहले यह नव निर्मित यह ओबर ब्रिज पहली बारिश का सामना करने के पहले ही जिस तरह से अनेक जगहों से धसते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा अपने 10 सितम्बर के अंक में जहां प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। वही दूसरी ओर क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा भी इस ओबर ब्रिज के निर्माण की गुणवत्ता सहित किसी बड़ी घटना की संभावना पर चिंता व्यक्त करते हुये बीते हुये 27 अगस्त 2026 को



अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु जबलपुर के लिये पत्र खिलते हुये इस नव निर्मित ओवर ब्रिज के निर्माण की गुणवत्ता सहित इस पर आवाजाही रोकने की मांग की गई थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुये शिक्षा व परिवहन मंत्री के पत्र में उल्लेखित किया गया था कि मेरी विधान सभा गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के अंतर्गत गाडरवारा से चीचली वायपास मार्ग पर निर्मित रेलवे प्लाई ओव्हर ब्रिज का निर्माण गुणवत्ताहीन रूप से हुआ है। वर्तमान में उक्त प्लाई ओव्हर ब्रिज से आवागमन प्रारंभ हो चुका है। उक्त ROB का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने के कारण जगह जगह क्षतिग्रस्त हो रहा है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित होने का अंदेशा बना है। चूकि पूर्व में भी उक्त ROB निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हो चुका था। अतएव उक्त ROB निर्माण की गुणवत्ता जांच कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगे, साथ ही जब तक जांच पूरी न हो एवं सुधार कार्य पूर्ण न हो तब





तक आवागमन बंद रखा जावे। इस तरह क्षेत्र की जनता की जिन्दगी पर चिंता व्यक्त करते हुये जहां क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा इस पुल की गुणवत्ता की जांच सहित आवागमन को बंद कराने संबंधी पत्र लिखे जाने के बाद भी इस ओर संबंधित विभाग द्वारा किसी तरह का ध्यान नही दिया गया है और आज भी इस संदिग्ध स्थिति में पहुंच चुके हुये ओबर ब्रिज से धडल्ले से बडे बडे वाहनों की धूम मची हुई देखी जा रही है..? वही दूसरी ओर निर्माण की गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध बन चुके इस ओर ब्रिज की जांच करने के लिये अधिकारियों के पहुंचने के पहले ही निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जहां तहां से धसती हुये सडक सहित गड्ढो की लीपापोती करते हुये नई नबेली दुल्हन की भांति श्रृंगार करते हुये सजाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी..? इस तरह लगभग एक माह पहले जांच के नाम पर अपनी औपचारिकता निभाने के लिये पहुंची टीम द्वारा गुणवत्ता की सच्चाई को लेकर किसी तरह का खुलासा नही होने के चलते जांच टीम की भूमिका सबालों के घेरे में आने से नही चूक रही है...? क्योंकि गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध स्थिति में पहुंच चुके इस नवनिर्मित ओबर ब्रिज से आवाजाही रोकने सहित जांच के लिये क्षेत्रीय विधायक द्वारा लिखे गये पत्र के लगभग 22 दिवस उपरांत कुछ अधिकारियों को यहां पर पहुंचकर ओबर ब्रिज की जांच करते हुये देखा गया था। इसके बाद जांच करने के लिये एक टीम पहुंची थी। मगर इस टीम के पहुंचने के पहले निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा नव निर्मित ओबर ब्रिज पर निकले हुये गड्ढो की लीपापोती करते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी..? इस तरह जांच के लिये लगभग एक माह का समय बीतने के बाद भी यह बात तो स्पष्ट नही हो पाई है कि यह अधिकारी कहा से और किस स्तर से आये हुये थें। मगर जांच के बाद भी पुल को पूर्व के भांति वाहनों का आना जाना जारी रहने के साथ मात्र सीमेन्ट के घोल के नीचे छीपी हुई इस ओबर ब्रिज के गुणवत्ता की कहानी मौके पर पहुंची हुई जांच टीम की सच्चाई को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रही है...? इस तरह करोड़ो की राशि से बने हुये इस ओबर ब्रिज का अभी तक लोकापर्ण होने के पहले ही जिस तरह से ब्रिज के ऊपर की रोड धसकने के साथ निकल रहे गड्ढो को लेकर लोगों को हैरत इस बात की हो रही है कि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के मंत्री द्वारा आमजन की जिन्दगी को सुरक्षित रखने की सोच के चलते इस पर आवाजाही रोकने के लिये कहा गया था। मगर उसे अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाना चिंता का विषय है...?

शारदेय नवरात्र पर्व शुरू होने से शहर हुआ धर्ममय, घरों में भक्तों ने शुरू की माँ जगत जननी की पूजा अर्चना





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा गत रविवार को शारदेय नवरात्र पर्व की शुरूआत होने से शहर व ग्रामीण क्षेत्र धर्ममय हो उठे है, जिसके चलते देखा जा रहा है कि सुबह से ही देवी मंदिरों में माताराणी को जल ढारने जाने वाली माताओं, बहिनों पुरूषों के साथ साथ युवाओं की जहां मंदिरों पर भीड़ उमड़ते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी ओर हिन्दू धर्मावलंबी अनेक युवाओं ने नशे का परित्याग कर और नवरात्र पर्व पर जूता, चप्पल न पहनने का संकल्प लेकर माताराणी की आराधना में अपनी धार्मिक आस्था का परिचय देते हुये देखे जा रहे है। वही देखा गया कि कल देवी स्थापना के दिवस पर नगर में दोपहर के वक्त जिन जगहों पर मूर्ति स्थापना के लिये निर्धारित करते हुये सुन्दर पंडाल तैयार किये गये है उन समितियों के लोगों द्वारा मूर्तिकारों के ठिकानों से शहर और गांवों की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा माँ जगदम्बे की प्रतिमाएं ले जाने का सिलसिला चलने से माताराणी का जयघोष समूचे शहर में गूंजता रहा। इस प्रकार से नवरात्र पर्व की शुभारंभ बेला में लोगों ने अपने घरों में व्रत रखते हुए श्रद्धा पूर्वक माँ भगवती के शैलपुत्री रूप की पूजा, अर्चना करते हुए आरती कर माताराणी का आशीष प्राप्त किया। वही दूसरी ओर इस वर्ष लगातार 10 दिनों तक चलने वाले माता रानी के इस महान पर्व को लेकर लोगों ने कन्या भोज के चलते प्रथम दिवस देवी स्वरूपा कन्याओं के पैर धुलाते हुये उन्हें कन्या भोज कराया गया। इस प्रकार से नगर में शाम ढ़ालने के उपरांत घट स्थापना की साथ नगर के अनेक स्थानों पर माताराणी के घट स्थापित करने के बाद माताराणी की गंगाजल, सुपारी, रोरी, चंदन, पुष्प अर्पित कर पूजन करने के बाद माताराणी की जयकार की गई। विद्यवान पंडितों के अनुसार इस साल माँ दुर्गा हाथी पर सबार होकर आने के चलते सुख समृद्वि वाला बताया जा रहा है। वैसे देखा जावे तो माँ अम्बेरानी नवरात्रि के समय देवी दुर्गा अलग-अलग वाहनों पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देती हैं। हर वाहन के साथ विशेष शुभ-अशुभ फल जुड़े होते हैं। मगर हाथी वाहन का महत्व अलग ही होता है। समृद्धि और वैभव का प्रतीक – हाथी माता लक्ष्मी का भी वाहन माना गया है। यह धन, धान्य और ऐश्वर्य प्रदान करता है। शांति और स्थिरता – हाथी माता का वाहन बनकर इस बात का संकेत देता है कि समाज और परिवार में शांति, सौहार्द और स्थिरता बनी रहेगी। सुख-समृद्धि का आशीर्वाद – हाथी पर आगमन का अर्थ है कि वर्षभर अन्न, धन और जल की कोई कमी नहीं होगी। शुभ और मंगलकारी फल – हाथी को बहुत ही शुभ माना गया है। माता का हाथी पर आगमन भक्तों के लिए सुखद भविष्य और अच्छे परिणाम लेकर आता है। इसलिये नवरात्र पर्व को विशेष ही माना जा रहा है। वही बताया जाता है कि नगर के कुछ देवी मंदिरों में जवारे, ज्योति कलश स्थापित किये गये है। वही नवरात्र की व्यवस्थाएं बनाने के लिए नपा एवं पुलिस प्रशासन श्रद्वालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रहा है जिसके श्रद्वालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना न करना पड़े।

बाइकर्स गैंग के आतंक पर अंकुश लगाने में असफल नजर आ रहे पहरेदार, मनमानी डाल रही लोगों को हैरत में...

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। सबसे शांति प्रिय माने जाने वाले इस नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो मनमानी करने वालों को खिलाफ कुछ माह पहले जिस तरह पुलिस द्वारा अपना डंडा घुमना शुरू किया गया था तो काफी समय तक अंकुश लगा हुआ दिखाई देने लगा था। मगर हाल में ही में धार्मिक कार्यक्रम कहे जावे या फिर अन्य दूसरे कारणों के चलते पुलिस के व्यस्त रहने का परिणाम के चलते शहर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..? क्योंकि इस समय नगर में बाइकर्सो के आंतक के जो नजारे देखने मिल रहे है वह लोगों को हैरत में डालने से नही चूक रहे है। हाल यह बनाते हुये देखे जा रहे है कि नगर की सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुए दिखाई देने लगा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के अनेक स्थल इस प्रकार के दिखाई पड़ रहे जो आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय नगर की पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है। जहां पर आये दिन झगड़ा होना आम बात हो चुकी है तो दूसरी ओर बडे महानगरों की तर्ज पर गैगबार जैसे दृश्य दिखाई देने लगे है..? नगर के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है। इसी के चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजनों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है। यह बात जरूरी है कि पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार खिलाफ मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है वह निश्चित ही सराहनीय है। मगर मनचलों से लेकर बाइकर्सो के बढ़ते हुये हौसले चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। वही दूसरी यदि शाम होते ही नगर की सड़को की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वाइकर्सो का आंतक इस तरह छाते हुये देखा जाता है कि महिलाओं सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होने लगता है...? नगर की सड़को पर बाईकर्सो का आतंक छाता है उसके चलते लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घरों के अंदर सोना भी मुश्किल होने लगा है।

भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई दादा धूनी नगरी में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती







हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। हर साल की भांति इस वर्ष भी दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में अग्रवाल समाज द्वारा भगवान महाराजा अग्रसेन जी की जयंती बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकालते हुये मनाई गई। बताया जाता है कि इस अवसर पर समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक एकता, भाईचारे एवं सेवा भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी एवं मां लक्ष्मी जी की पूजन सहित आरती के साथ हुई। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके योगदान एवं मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की सहभागिता रही। इस आयोजन ने समाज की एकजुटता और अपनी गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान को दर्शाया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी समाजबंधुओं ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। अग्रवाल समाज ने इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में प्रेम, सहयोग, समानता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

रायपुर स्कूल के बच्चों ने आईटीआई संस्थान का भ्रमण करते हुये जाना कंप्यूटर व व्यावहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अन्य जरूरी जानकारियों से अवगत कराने के लिये शिक्षण संस्थाओं द्वारा अलग अलग स्थानों का भ्रमण कराया जाता है। इसी के चलते बीते हुये दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर विकासखंड चीचली में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य गजेन्द्र सिंह कौरव के विशिष्ट मार्ग दर्शन में आईटी और प्लंबिंग ट्रेड के विद्यार्थियों को गाडरवारा आईटीआई संस्थान का भ्रमण कराया गया। यह पर आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों ने कंप्यूटर्स की सुसज्जित लैब का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें कंप्यूटर के कार्यकारी ज्ञान, ए आई टूल्स एप्लीकेशन वेब कास्टिंग कंप्यूटर के क्षेत्र





में विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं आईटी-आईसीटी के विभिन्न सॉफ्ट वेयर विभिन्न एप्लीकेशन्स और व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझाते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान आईटी ट्रेड प्रभारी खुशबू सोनी, आईसीटी ट्रेड प्रभारी वेदी वर्मा एवं शिक्षिका अमृता सोनी का विशेष सहयोग रहा। वहीं प्लंबिंग ट्रेड के विद्यार्थियों ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाडरवारा में भ्रमण के माध्यम से अनेक प्रकार की जानकारिया हासिल की गई। वही बताया जाता है कि यहाँ प्राचार्य एम गौरमारे के निर्देशन में प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा उक्त ट्रेड्स के विद्यार्थियों को आई टी की लैब के अतिरिक्त प्लंबिंग ट्रेड्स संबंधी टूल्स, उपकरणों के उपयोग, उनके संचालन की सावधानियों एवं कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्लंबिंग ट्रेड प्रभारी अनुभव राहंगडाले की सक्रिय उपस्थित मै प्लंबिंग के समस्त विद्यार्थियों को सीखने सिखाने की दिशा में बेहतर सहयोग प्रदान किया।

मानिकपुर में विधिक साक्षरता शिविर, ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

शहपुरा। ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों एवं विधिक प्रक्रियाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम मानिकपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आगामी नेशनल लोक अदालत के महत्व और उसके माध्यम से मामलों के निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम उपस्थित रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, विधिक सेवा समिति के कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।शिविर में न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कानूनी जानकारी के अभाव में कई बार लोग छोटे-छोटे विवादों में उलझ जाते हैं। ऐसे में विधिक साक्षरता शिविर लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी विकल्पों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नेशनल लोक अदालत के महत्व को समझाते हुए ग्रामीणों से इसका लाभ उठाने की अपील की। अधिवक्ताओं एवं विधिक सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से समझौता योग्य मामलों का निराकरण कराया जा सकता है। इनमें दीवानी विवाद, शमनीय आपराधिक मामले,



बैंक ऋण वसूली तथा बिजली-पानी के बिलों से संबंधित विवाद शामिल हो सकते हैं। लोक अदालत में समझौते के आधार पर पारित निर्णय अंतिम होता है और सामान्यतः उसके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं होता। नियमानुसार मामलों के निपटारे पर न्यायालय शुल्क की वापसी का प्रावधान भी है।

साइबर अपराधों से बचाव और निःशुल्क कानूनी सहायता पर जोर

शिविर में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को छोटे-मोटे विवादों को आपसी बातचीत से सुलझाने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा आपात स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के संबंध में जानकारी दी।



वहीं, विधिक सेवा समिति के कर्मचारियों ने पात्र व्यक्तियों को शासन की निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में बताया। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को न्याय प्राप्त करने में सहायता उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों की कानूनी समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान किया गया। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन उन्हें कानून और अपने अधिकारों को समझने में मददगार साबित होते हैं। ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम में न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम, अधिवक्ता हरिश्चन्द झारिया, अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू, अधिवक्ता विनय झारिया, लिपिक महेंद्र कुडापे, शारदा नामदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

डिंडौरी। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय डिंडौरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 'विकसित भारत 2047: हमारी जिम्मेदारी' विषय पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को दो घंटे का समय निर्धारित किया गया था। इस दौरान प्रतिभागियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों तथा देश के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ उनमें जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना रहा।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 2100 रुपये, 1100 रुपये और 500 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के समापन पर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

समाजसेवियों और पुलिस की पहल से चार माह बाद परिवार से मिली लापता महिला



शहपुरा। समाजसेवा और मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए शहपुरा के समाजसेवियों एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त प्रयासों से चार माह से लापता महिला को उसके परिवार से मिलाने में सफलता हासिल की है। महिला मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले की बनखेड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम अन्हाई की निवासी बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला पिछले करीब चार महीनों से अपने घर से लापता थी। परिजन उसकी तलाश में लगातार प्रयास कर रहे थे, लेकिन लंबे समय तक उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच महिला के संबंध में जानकारी मिलने पर शहपुरा के समाजसेवी अमित रजक और असलम खान ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से उसे उसके परिजनों तक पहुंचाने की पहल की।इस पूरे प्रयास में पुलिस के प्रधान आरक्षक प्रवीण अवस्थी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाजसेवियों और पुलिस की संयुक्त कोशिशों से महिला के परिवार का पता लगाया गया। आवश्यक प्रयासों के बाद महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, तत्काल रोक लगाने की मांग

अनूपपुर। आदिवासी बाहुल्य अनूपपुर जिले में माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। एडवोकेट एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अनूपपुर जीवेन्द्र सिंह ने समूह बनाकर ऋण वितरण और कथित तौर पर महज 15 दिनों में ब्याज सहित वसूली किए जाने के मामले में जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कंपनियों की ऋण वितरण प्रक्रिया, ब्याज दरों और वसूली के तरीकों की निष्पक्ष जांच कर अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने की अपील की है।

वनग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने की प्रक्रिया की समीक्षा



डिण्डौरी। जिले के 26 वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को लेकर अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित वनग्रामों में चल रही कार्यवाही की प्रगति और आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने से संबंधित कार्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस दौरान संबंधित ग्रामों के अभिलेखों, आवश्यक दस्तावेजों और प्रक्रियागत कार्यवाहियों की स्थिति की जानकारी ली गई।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वन एवं राजस्व विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए आवश्यक अभिलेखों और प्रक्रियाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें, ताकि निर्धारित नियमों के अनुरूप 26 वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।समीक्षा बैठक में एसडीएम बजाग, एसडीएम डिंडौरी, संयुक्त कलेक्टर, संबंधित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, पटवारी, बीट गार्ड, रेंजर तथा वन विभाग के एसडीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया में आ रही आवश्यकताओं की समीक्षा करना तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय के माध्यम से कार्यवाही को सुचारु रूप से आगे बढ़ाना रहा।

आधुनिक तकनीक, कला और नवाचार से रूबरू हुए नर्मदांचल विद्यापीठ के विद्यार्थी



शहपुरा - विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव के 71 विद्यार्थियों ने 8 अक्टूबर को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (IIITDM), जबलपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक, नवाचार और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को करीब से समझा। भ्रमण के दौरान IIITDM जबलपुर के डीन प्रो. मुकेश रॉय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक एवं तकनीकी गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. अक्षय पांडेय, डॉ. शिवांश मिश्रा, नितिन नामदेव एवं अमित कश्यप ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।विद्यार्थियों ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक मशीनों और तकनीकी उपकरणों की कार्यप्रणाली को समझा। साथ ही तकनीकी ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान खेलकूद, कला, संगीत और विभिन्न क्लब गतिविधियां भी विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रहीं। संस्थान के विभिन्न क्लबों से जुड़े विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इन गतिविधियों की उपयोगिता से परिचित कराया।इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। साथ ही उनमें नई तकनीकों के प्रति जिज्ञासा, रचनात्मक सोच, टीमवर्क और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने में भी यह भ्रमण उपयोगी रहा। नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव की यह पहल विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ने तथा उनकी रुचियों और क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिलेगा संपत्ति का अधिकार, जिलेभर में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जारी



डिंडौरी। ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सेवाएं गांव में ही उपलब्ध कराने और किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से दिलाने के उद्देश्य से जिले में सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में देवपुर, समनापुर एवं अमरपुर में स्वामित्व योजना और फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित शिविर आयोजित किए गए। वहीं जिलेभर में पटवारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी एवं Farmer ID तैयार करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।शिविरों में स्वामित्व योजना से संबंधित आवेदनों के निराकरण के साथ ग्रामीणों को योजना की प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी गई। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित संपत्तियों का सर्वेक्षण कर पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व का दस्तावेज प्राप्त करने में सहायता मिलती है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इन शिविरों का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीणों को राजस्व सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करना है। गांव स्तर पर सेवाएं उपलब्ध होने से ग्रामीणों को सुविधा मिल रही है।इसके साथ ही जिलेभर में पटवारी स्तर पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी और Farmer ID बनाने का कार्य भी जारी है। इसके माध्यम से किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे पात्र किसानों को विभिन्न शासकीय किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सके।जिले में संचालित इन गतिविधियों का उद्देश्य राजस्व सेवाओं को अधिक सुलभ बनाना, ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी अधिकारों के दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को गति देना तथा किसानों का डिजिटल पंजीयन सुनिश्चित करना है।

भाजपा जिला डिंडौरी की मासिक बैठक संपन्न

डिंडौरी। भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी की मासिक बैठक पं. दीनदयाल उपाध्याय परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक शाहपुरा विधायक एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व में संपन्न हुई।बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को समय-सीमा में पूरा करने तथा जनसंपर्क गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक प्रसारित करने के संबंध में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को



मार्गदर्शन दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने संगठनात्मक दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने तथा आपसी समन्वय के साथ पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला महामंत्री लक्ष्मण ठाकुर एवं बद्री साहू, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान दीप त्रिपाठी, महेश धूमकेती एवं दिलीप ताम्रकार, जिला मीडिया प्रभारी राज साहू, शोभित मरावी, सपना जैन, नरवदीया मरकाम, मालती तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू व्यवहार, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, अनिल साहू, आकाश नामदेव, शिवराम राजपूत, धीरेंद्र मरावी, भजन चक्रवर्ती, वर्षा कुशराम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष परशुराम नागेश, ओबीसी मोर्चा से राजकुमार मोगरे सहित मंडल महामंत्री भागीरथ उरेती, बबलू ठाकुर, बृजेश तिवारी एवं परसराम पाराशर सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय करंजिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

करंजिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय करंजिया में 9 अक्टूबर 2026 को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा नारी सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देते हुए सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसमें हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने के महत्व को समझाया गया। साथ ही बताया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी न केवल वाहन चालक, बल्कि अन्य लोगों के जीवन के लिए भी खतरा बन सकती है।इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव और महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और



सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के उपाय बताए। उन्होंने ओटीपी, बैंक खातों से संबंधित जानकारी और निजी विवरण किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में एएसआई धनुषधारी नेटी, प्रधान आरक्षक संगीता उइके, एसएसपीओ प्रियंका सारिया एवं जी. टेकाम ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षित सामाजिक व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान आपातकालीन सहायता के लिए 112, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए 1930 तथा बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की गईं।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह परास्ते ने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक नरसिंह, कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक हरीश कुशवाह, डॉ. प्रीति पांडे सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ. प्रीति पांडे ने कार्यक्रम का समापन किया।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

10

जबलपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

माता रानी के दरबारों में लगने लगी श्रद्धालुओं की कतारें



तेंदूखेड़ा। शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धालु अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार साधना में जुट गए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण कर माता रानी की पूजा अर्चना में लीन बनें हुए हैं। वहीं प्रातः काल महिला श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करने का सिलसिला जारी हो गया है। नगर के प्रतिष्ठित सिद्ध पीठ हरसिद्धि मंदिर सिंह बाहिनी मंदिर बीजासेन मंदिर काली मठ खेतापति मंदिरों में भक्तों की भीड़ जमा होने लगी है।सुबह जल चढ़ाने वालों की लंबी लंबी कतारें लगने लगी है।शाम के समय संगीतमय आरतियों में श्रद्धालु श्रोता पहुंचनें लगे हैं।

माताराानी की जोरदार भव्य आगवानी

नगर के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं विराजित की गई है।जिसे लेकर समितियों ने आकर्षक झांकियां सजाई गई है। तेंदूखेड़ा के श्री नव दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक में जबलपुर से लाई गई प्रतिमा की जोरदार भव्य आगवानी की गई। आतिशबाजी रोशनी और बैंड-बाजों के बीच माता रानी का स्वागत किया गया। मुख्य मार्गों पर पुष्प वर्षा कर माता रानी का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने की सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों से चर्चा

आज का विद्यार्थी ही कल का है भारतः मुख्यमंत्री







सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सांदीपनि विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने यहां मौजूद विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने, अपने सपनों को साकार करने और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि आपके नेतृत्व में ही वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है। विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से ही विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

सीएम ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के सूत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको इतना सुंदर और सुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय मिला है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भी सरकारी विद्यालय में पढ़ाई की है। उस समय स्कूलों में आज जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने अभिभावकों को सांदीपनि विद्यालय अवश्य दिखाएं, ताकि वे भी यहां उपलब्ध बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं को देख सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कर पूरी लगन से पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में आगे बढ़ने की क्षमता है और सही दिशा में किए गए प्रयास सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।



विद्यार्थियों के लिए बस सेवा का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत मिलेगी तथा आवागमन संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का चावरा विद्यापीठ के विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन कर और पुष्प भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, प्रयोगशाला सहित अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए विकसित की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

वृद्धजनों को किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यालय परिसर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाई गई पोषण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदाताओं के इस पुण्य कार्य के लिए उत्साहवर्धन किया। स्कूल परिसर में मौजूद वृद्धजनों का सम्मान किया तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को सामग्री भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 की फीस प्रतिपूर्ति के लिए अशासकीय स्कूलों को संचालकों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एनसीसी के कैडेट्स हाथों में नशा मुक्ति का संदेश देने वाली तख्तियां लेकर शामिल हुए।

रस्साकसी प्रतियोगिता में एम आई एम टी रहा विजेता



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारत सरकार व मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन तथा जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में 'सेवा संकल्प अभियान 2026' खेल सत्र के तहत रस्साकसी प्रतियोगिता उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान नरसिंहपुर में आयोजित की गई। रस्साकसी प्रतियोगिता में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की छात्र टीम ने बॉलीवाल छात्रावास नरसिंहपुर की टीम को हराकर विजय श्री का खिताब अपने नाम दर्ज किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के चैयरमेन इजी. रुद्रेश तिवारी, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं एड. रचित तिवारी डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कालेज द्वारा खिलाड़ी छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छात्र जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी द्वय करीम खान, मो. आशिक अली, आई.टी. आफीसर प्रसून नेमा, रीतेश मालवीय, सहा. प्राध्या. हेमराज सेन, दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति रही।

भारतीय किसान संघ रखी मांगे, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारतीय किसान संघ महाकोशल प्रांत जिला नरसिंहपुर ने मुख्यमंत्री के आगमन पर ज्ञापन सौंपकर खेती किसानी, किसानों से जुड़ी समस्याओं के निदान की मांग की। इन 9 सूत्रीय मांगों पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता के साथ निर्णय लेने का आश्वासन दिया। साथ ही भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कृषि उपज मंडी प्रांगण के विस्तार हेतु 9 एकड़ जमीन एवं लंबित ट्रांसफार्मर एरिया स्टोर नरसिंहपुर में स्वीकृत करने पर धन्यवाद दिया। संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष राय एवं जिला मंत्री अभिषेक पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि जिले के किसान मंडी व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं धान पंजीयन को लेकर परेशान हैं। प्रमुख मांगों में कृषि उपज मंडियों में मंडी अधिनियम 36(3) का कड़ाई से पालन हो, नरसिंहपुर कृषि उपज मंडी का स्वीकृत विस्तार कार्य शीघ्र शुरू किया जाए, गोटेगांव तहसील मटर उत्पादक क्षेत्र है, अतः वहां पृथक मटर मंडी स्थापित की जाए, जिले के लिए स्वीकृत ट्रांसफार्मर एरिया स्टोर को जिले के सेंटर ग्राम कठौतिया



की शासकीय भूमि पर, फोरलेन के समीप स्थापित किया जाए, करकबेल डी.सी. के अंतर्गत झिरी, गुटोरी, मल्हैआ, घाटपिंडरई क्षेत्र में लंबे फीडर के कारण वोल्टेज की समस्या है, वहां नया सब-स्टेशन बनाया जाए, धान की पंजीयन तिथि बढ़ाई जाए और धान के रकबे को असिंचित के स्थान पर सिंचित माना जाए,जिले में गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रारंभ हो, खरीफ फसल के अंतर्गत सोयाबीन एवं उड़द की फसल 90: खराब हो चुकी है निम्न ग्रामों का सर्वे कर आरबीसी एक्ट 6(4) के तहत क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जावे खमरिया अंडिया खापा धन्ना नयागांव झिरी सूरज गांव डोंगरगांव रानी पिंडरई डुडी पिंडरई उमरिया सुपला मेहका आदि हैं एवं जिले में किसानों को मक्का का घटिया बीज दिया गया जांच उपरांत भी कंपनियों पर कार्रवाई नहीं की गई शीघ्र कार्यवाही कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दिलवाई जाए। किसान संघ के जिला पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो भारतीय किसान संघ को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपते समय जिला अध्यक्ष संतोष राय, जिला मंत्री अभिषेक पटेल, प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, संभाग अध्यक्ष अनिरुद्ध पटेल, विष्णु प्रसाद पटेल दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



कांग्रेस ने निकाली विरोध प्रदर्शन रैली

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। लोकतंत्र बचाओ वोट चोर गद्दी छोड़, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, नारों के साथ शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस शहर नरसिंहपुर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस नरसिंहपुर द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। गुदरी बजार से लेकर सुभाष पार्क तक विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र की हत्या कर चुनाव में धांधली का आरोप लगाया गया। सुभाष पार्क पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी का पुतला दहन किया गया। इस पुतले को लेकर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई कहा सुनी होती रही तनातनी हुई। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।



दो समाजों ने मिलकर लिया अनूठा निर्णय

तेरहवीं की जगह केवल श्रंद्धाजलि

तेंदूखेड़ा विगत दिवस समीपी ग्राम ग्राम बाँसखेड़ा मानकपुर राजमार्ग में श्रद्धांजलि सभा का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दो अलग अलग समाज किरार समाज से श्रीमती पुष्पा पटेल एवं लोधी पटेल परिवार में सुश्री रितु लोधी दोनों का बीमारी के चलते असमय ही दुखद निधन हो गया था। जिसमें गायत्री परिवार द्वारा दोनों समाज के परिवारजनों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों से संपर्क कर दोनों का मृत्यु भोज ना करते हुए दोनो की श्रद्धांजलि सभा सामूहिक रूप से करने का निर्णय लिया जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक निर्णय रहा। जिसमें दोनों समाज के परिवार जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं गांव ही नहीं बल्कि पूरे जिले और प्रदेश में एक ऐतिहासिक संदेश भी दिया कि अलग अलग समाज के लोग एक ही स्थान पर इस तरह के आयोजन कर मृत्युभोज की सामाजिक कुरुति को बंद करके दिवंगत परिवारों के आर्थिक बोझ को भी कम किया जा सकता है।इस मौके पर डॉ हरगोविंद वर्मा थम्मन सिंह शर्मा आचार्य बसंत पटेल अशोक वर्मा ने इस कार्य की सराहना करते हुए 40 वर्ष से कम आयु वाले युवाओं की असमय मृत्यु होने पर गंगाजली न करने का निर्णय भी सभी के समक्ष रखा है । कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों द्वारा पौधरोपण कर गायत्री परिवार द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। तेरहवीं की जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम की सार्थक पहल परिवार जन विमलेश पटैल मंजीत पटैल दोनों गायत्री परिवार के सक्रिय परिजन एवं मार्गदर्शन अविनाश बेलाकर वृंदावन पटैल संतोष पटैल का सराहनीय रहा ।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर किया वृक्षा रोपण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के असर पर शिव शक्ति पर्यावरण संरक्षण संगठन द्वारा स्थानीय जय बजरंग अखाड़ा प्रांगण में आम, नीबू, आदि , फल दार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पं. विजय तिवारी, शिव उपासक, रौनक राय के साथ मिलन समिति के संरक्षक एस के चतुर्वेदी, अध्यक्ष संजय राय एवं सचिव छोटू पटेल की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित सदस्यो ने पौध संरक्षण का संकल्प लिया।

बरसात के बाद अब खानापूर्ति के लिए बनाई जा रही साईड पट्टी

तेंदूखेड़ा



तेंदूखेड़ा से होकर गाडरवारा सड़क मार्ग जिसकी दूरी 32 किलोमीटर है। जिसे लगभग 30 करोड़ की लागत से बनाया गया था ।यह सड़क एमपीआरडीसी के अंतर्गत आती है तथा इसी की देख रेख में मेंटेनेंस होना था। मेंटेनेंस का बिल का हर छह माह में विभाग द्वारा संबंधित निर्माण एजेंसी को भुगतान किया जाता है। सड़क पर मेंटेनेंस का कार्य ठेका वी व्ही एस आर कंपनी को मिला है। कंपनी द्वारा लंबे समय से कागजों में ही सड़क का मेंटेनेंस किया जाता है। और अधिकारियों की सांठगांठ से संबंधित ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाता है ।सड़क के दोनों ओर एक फिट नीचे साईड पट्टी धस गयी है। बरसात के समय क्रासिंग में वाहन चालकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क के दोनों ओर साइट पटटी पर दल दल पूर्ण स्थिति बनी रहती है और वाहन दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। पिछले माहों में मामा करोंदी ग्वारी और तेंदूखेड़ा में क्रासिंग के समय पांच से छह वाहन दुर्घटना का शिकार हुए थे ।लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क पर कोई मेंटेनेंस नहीं किया गया इसकी जानकारी एमपीआरडीसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई थी जिनके द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया गया बरसात समाप्त होते ही ठेकेदार द्वारा सड़क की साईड पट्टी बनाकर खानापूर्ति की जाने लगी है। साईड पट्टी सड़क से 1 मीटर के लगभग बनना चाहिए ठेकेदार द्वारा छोड़ छोड़कर साईड पट्टी बनाई जा रही है। कहीं आधा मीटर तो कही और कम मुरम डालकर साईड पट्टी बनाई जा रही है ।एक ही ओर साईड पट्टी बनाई जा रही है। 100 मीटर लंबाई में बजरा मुरम डालकर साईड पट्टी बनाकर 100 से 200 मीटर जगह छोड़कर आगे फिर बजरा डालकर साईड पट्टी बनाकर खानापूर्ति की जा रही है और कागजों में ही मेंटेनेंस कर बिल निकालने की प्रक्रिया की जा रही है।जिसे लेकर जानकार लोगों ने ऐतराज जताया है और तत्काल प्रभाव से उक्त सड़क की जांच की मांग करते हुए गुणवत्ता पूर्ण तरीके से काम कराने की बात कही है।

महाकाल लोक की तर्ज पर सजी नवरात्रि झांकी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। रेस्ट हाउस दुर्गा मंडल इस वर्ष उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर झांकी तैयार की गई है मंडल द्वारा करीब दो माह से झांकी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इसमें महाकाल मंदिर और महाकाल लोक के साथ क्षिप्रा घाट व नदी का प्रतिरूप भी तैयार किया गया है। झांकी को आकार देने में कलाकार और मंडल के सदस्य दिन-रात जुटे हुए है। पेंटर राकेश कोरी, साहिब उस्मानी सहित अन्य कारीगर थर्माकोल की सीटों को तराशकर मंदिर की संरचना तैयार कर रहे हैं। मजबूती के लिए लोहे के पाइपों की वेल्डिंग की गई है। थर्माकोल की दीवारों को लाल पत्थर जैसा स्वरूप देने के लिए रंग-रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। मंडल पिछले 15 वर्षों से लगातार नवरात्रि में प्रतिमा स्थापना और झांकी निर्माण करता आ रहा है। इससे पहले केदारनाथ, राम मंदिर और वैष्णोदेवी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रतिरूप तैयार किए जा चुके हैं। मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर और सहायक अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने बताया कि सदस्य झांकी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। श्रीकांत श्रीवास, मनोज नोरिया, प्रशांत सेन, लक्की झारिया, निशांत मेहरा, भूपेंद्र एवं पुष्पेंद्र सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

भारतीय वायुसेना दिवस कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

गत दिवस इंडियन एयर फोर्स डे के अवसर पर नरसिंह सिंगिंग स्टार्स नॉन प्रोफेशनल ग्रुप के द्वारा भारतीय वायुसेना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरसिंह सिंगिंग स्टार्स नॉन प्रोफेशनल ग्रुप के सदस्यों द्वारा देशभक्ति एवं अन्य गीतों के माध्यम से देश की वायु सेवा को समर्पित इस कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों को तिलक वंदन, माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप के कलाकारों द्वारा सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए विशिष्ट अतिथियों में इंजी. रूद्रेश तिवारी, सुनील कोठारी, लाल साहब जाट, जे के शर्मा, श्रीमती संध्या कोठारी, श्रीमती आरती दीपक मानसाता, डॉ अनंत दुबे, संजय और वैशाली मानसाता आदि उपस्थित रहे।